>

Title: Need to set up a railway division in Bhagalpur, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर में रेल सुविधाओं सहित रेलवे के परिचालन आदि की समस्या को देखते हुए वर्ष 2009 के अनुपूरक बजट में तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा भागलपुर को रेल मंडल बनाने की घोषणा की गई थी लेकिन अभी तक रेलवे द्वारा भागलपुर को रेल मंडल बनाने की दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। रेलवे की तरफ से पूर्व रेलवे को अभी कोई सूचना नहीं दी गई है जिससे रेल मंडल की स्थापना में सकारात्मक स्थिति स्पष्ट हो सके। स्थानीय रेल यात्रियों को आरक्षण की सुविधा तथा रेलवे के परिचालन में हो रही कठिनाई के चलते घोर निराशा का सामना करना पड़ रहा है।

अतः से सरकार से मेरा आग्रह है कि भागलपुर जो कि पूर्व से ही रेल मंडल घोषित है इसकी स्थापना यथाशीघ्र किये जाने के संबंध में रेलवे अधिकारियों को निर्देशित करने का कार्य करें जिससे स्थानीय रेल यात्रियों तथा रेल परिचालन के वर्तमान समस्या को दूर किया जा सके।

<u>14.02 hrs</u>

At this stage, Shri Rajesh Ranjan and some other hon. Members

went back to their seats.